दिनांक 28.12.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

वार्ड 47 और 48 में होंगे कई सारे विकास कार्य , महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन

-51 लाख की लागत से कई स्थानों पर पुलिया एवं नाली निर्माण सहित लगेगा पेवर ब्लॉक

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वार्ड 47 और वार्ड 48 में विभिन्न विकास कार्यों के लिए आज महापौर एवं विधायक भिलाई नगर श्री देवेन्द्र यादव ने वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। सेक्टर 01 के दोनो वार्ड में 07 अलग-अलग स्थानों पर पुलिया निर्माण , नाली निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य किए जाएंगे। वार्ड में वृहद स्तर पर विकास कार्यों की सौगात मिलने से वार्ड के नागरिकों ने महापौर श्री यादव का आत्मीय स्वागत किया और वार्ड की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिए लगाए जाने वाले पेवर के लिए आभार व्यक्त किए। महापौर श्री यादव द्वारा वार्ड भ्रमण के दौरान वार्डवासियों ने मांग किए थे , जिसे महापौर के प्रयास के बाद पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई और आज भूमि पूजन कर विकास कार्य की सौगात दिए। महापौर ने कहा कि सेक्टर सहित निगम के अन्य क्षेत्र के निरंतर विकास कार्य के लिए वह सतत प्रयासरत है! भिलाई निगम क्षेत्र के जोन 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड 47 एवं वार्ड 48 सेक्टर 01 में लगभग 51.88 लाख की लागत से विकास कार्यों की शुरूआत करने महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने सेक्टर 01 के पंत स्टेडियम के सामने क्रास स्ट्रीट और सेक्टर 01 मिलेनियम चौक के पास वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया और वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों नारियल तोड़कर विकास कार्य की सौगात दिए।

जनसम्पर्क अधिकारी